nt>

Title: Demand of a Task Force to check the corruption in Government Hospitals in Delhi.

श्री चेतन चौहान (अमरोहा) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से यह विषय उठाना चाहता हूं। दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और बाकी सारे सरकारी अस्पतालों में करप्शन और घूस चल रही हैं। मुझे परसों ही पता चला है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के मैडिकल सुपरिंटेंडेंट घूस लेते हुये पकड़े गये। इसके पहले मैंने जी.बी. पंत अस्पताल में एक मरीज़ को भेजा था जिससे डाक्टर ने हार्ट का आपरेशन करने के लिये दो लाख रुपये मांगे। मरीज के आने पर मैंने मैडिकल सुपरिंटेंडेंट और डायरेक्टर से बात की और तहकीकात कराई तो २० हजार रुपये लेकर उसका आपरेशन कर दिया गया। इसी तरह से लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में सर्जिकल इक्विपमेंटस की खरीदारी में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। मरीज़ों का उत्पीड़न हो रहा है और डाक्टरों द्वारा उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं। सरकारी अधिकारी इन अस्पतालों में मरीज़ों से पैसा ले रहे हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस विषय को गंभीरता से लिया जाये और जितने भी सरकारी अस्पताल हैं, वहां पर एक टास्क फोर्स बनाई जाये जो मरीजों को इस उत्पीड़न से बचाये। इसका कारण यह है कि देशभर से मरीज अपना इलाज कराने के लिये दिल्ली आते हैं तो उनको अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।